प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

3 जून 2025

## भारतीय रिज़र्व बैंक पर पाँच भागों वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ का शुभारंभ

भारतीय रिज़र्व बैंक ने जियो हॉटस्टार के साथ मिलकर 'RBI Unlocked: Beyond the Rupee' नामक पाँच भागों वाली डॉक्यूमेंट्री सीरीज़ लॉंच की है। इस प्रोजेक्ट का निर्माण चॉकबोर्ड एंटरटेनमेंट ने किया है।

भारतीय रिज़र्व बैंक द्वारा अधिकृत यह प्रोजेक्ट रिज़र्व बैंक के 90 वर्ष के इतिहास को दृश्य रूप में दस्तावेजित करता है, जिसका उद्देश्य रिज़र्व बैंक के विभिन्न कार्यों और भूमिकाओं के बारे में जागरूकता उत्पन्न करना है।

रिज़र्व बैंक, एक पूर्ण-सेवा केंद्रीय बैंक के रूप में, मुद्रा प्रबंधन, मौद्रिक नीति, बैंकों और एनबीएफसी के विनियमन और पर्यवेक्षण, मुद्रा और ब्याज दर, बाजारों तथा भुगतान और निपटान प्रणालियों के विनियमन और वित्तीय समावेशन सहित कई तरह के कार्य करता है। यह डॉक्यूमेंट्री व्यापक जनसांख्यिकी के लिए रिज़र्व बैंक के कार्यों के सार का एक सुगम चित्रण प्रस्तुत करती है।

यह डॉक्यूमेंट्री पहली बार रिज़र्व बैंक के कामकाज के बारे में अंतर्दृष्टि प्रदान करती है। 3 जून 2025 से शुरू होने वाले एपिसोड https://hotstar.com/1271419667 पर देखे जा सकते हैं।

**(पुनीत पंचोली)**
मुख्य महाप्रबंधक

**प्रेस प्रकाशनी: 2025-2026/471**